हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 13 अंक : 23 देहरादून, बृहस्पतिवार, 11 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



अलविदा जनप्रिय विधायक शैलारानी रावत 3

# दिल्ली में होगा बाबा केदार का दर्शन सीएम धामी ने किया भूमि-पूजन





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली , 11 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली स्थित बुराड़ी, हिरंकी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए श्री केदारनाथ मंदिर ( दिल्ली ) का भूमि-पूजन कर मंदिर का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बाबा केदार के मंदिर के निर्माण से सभी शिव भक्तों की मनोकामना पूर्ण होगी। बुराड़ी क्षेत्र का जिक्र हमारे पौराणिक ग्रंथों में मिलता है। इस क्षेत्र का संबद्ध महाभारत काल से भी है। बुराड़ी की पावन धरती में उत्तराखण्ड और सनातन संस्कृति के मूल परिचायक बाबा केदारनाथ जी का धाम हमारी संस्कृति और आस्था का आधुनिक प्रतीक बनेगा।

उन्होंने कहा कि इस मंदिर से शिव भक्तों और सनातन संस्कृति की आस्था को बल मिलेगा। यह मंदिर श्रद्धा को जीवन, मानव को महादेव, समाज को अध्यात्म, और वर्तमान पीढ़ी को प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण विश्व में सनातन संस्कृति की ध्वजा फैल रही है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण, भव्य काशी कॉरिडोर का निर्माण, अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ है, इसके अतिरिक्त श्री केदारनाथ एवं श्री बदरीनाथ का पुनर्निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड भारत की सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान का कालखंड है। आज विदेशों से आने वाले मेहमानों का स्वागत श्रीमद् भगवत गीता भेंट करके होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चार धाम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल निरंतर बढ़ रही है। चार धामों के साथ अन्य धार्मिक स्थलों को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। चार धाम यात्रा के सुगम संचालन हेतु राज्य सरकार कृत संकल्पित है। मानसखंड यात्रा के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के पौराणिक मंदिरो का विकास कार्य जारी है। आगामी कावड़ मेले को लेकर भी प्रदेश सरकार द्वारा तैयारियाँ पूर्ण की जा रही हैं।

उन्होंने कहा सनातन संस्कृति भक्ति और श्रद्धा का पाठ पढ़ने के साथ ही हमारे भीतर दया करुणा मानवता एवं राष्ट्रसेवा का भाव पैदा करती है। उन्होंने कहा बुराड़ी क्षेत्र में बन रहे केदारनाथ धाम पूरी मानवता को प्रेरणा देने का काम करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा, महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज, स्वामी राजेंद्रानंद, गोपाल मणि महाराज, विधायक महेश जीना , विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, विधायक संदीप झा, सुरेंद्र रौतेला, जय नारायण अग्रवाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं के लिए स्वीकृत हुई 3 करोड़ की धनराशि

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। आगामी कांवड़ यात्रा 2024 को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शासन द्वारा तीन करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है, यह धनराशि कांवड यात्रा 2024 की विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु विभागों की माँग के सापेक्ष स्वीकृत कर जिलाधिकारी हरिद्वार को उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री द्वारा कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए पूर्व से आयोजित समीक्षा बैठकों में अधिकारियों को दिए गए थे।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए थे कि गत वर्ष की कांवड़ यात्रा में आये शिव भक्तों की संख्या एवं व्यवस्थाओं के दृष्टिगत इस वर्ष कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं को दी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही इस दौरान शांति एवं क़ानून व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए हैं।

इस संबंध में अपर सचिव शहरी विकास नितिन भदोरिया द्वारा जिलाधिकारी हरिद्वार को संबोधित शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि कांवड़ मेला-2024 की व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न विभागों से प्राप्त धनराशि की माँग के सापेक्ष अपने स्तर से समीक्षा करते हुए अत्यंत आवश्यक कार्यों का चयन कर धनराशि वित्तीय नियमों के अंतर्गत ही व्यय की जाए। यदि नियमानुसार किसी निर्माण कार्य आदि के आगणन के सापेक्ष शासन की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति पृथक से प्राप्त किया जाना आवश्यक है, तो उसका प्रस्ताव शासन को पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा।

## राज्य योजना आयोग (सीटू) उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई विभागीय कार्य योजना, विशेष प्रोजेक्ट, गत वर्ष की जिला योजना आदि की समीक्षा बैठक

देहरादून। राज्य योजना आयोग (सीटू) के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी की अध्यक्षता में मंथन सभागार में विभागीय कार्य योजना, विशेष प्रोजेक्ट, गत वर्ष की जिला योजना आदि की समीक्षा बैठक आहूत हुई। मा0 उपाध्यक्ष ने कहा कि किसी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पूर्व आंकड़ो को दृष्टिगत रखते हुए विभागों का आंकड़ा रेखीय विभागों को एक ही प्लेटफार्म पर दिखे इस कार्ययोजना पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनपदों की आर्थिक स्थिति बढाने के लिए प्रभावी योजनाओं/नीति पर कार्य किये जाने की आवश्यकता है।




माननीय उपाध्यक्ष ने विभागवार योजना की समीक्षा करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी विभागीय अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन की चुनौती धरातल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में जिला प्रशासन की महत्पूर्ण भूमिका होती है, इसके लिए जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों का योजनाओं के क्रियान्यन में सक्रिय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जनपद की मजबूती एवं कमजोरी दोनो पहलुओं को ध्यान में रखकर कमजोर पहलुओं में सुधार करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना आश्यक है।

उन्होंने शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों ड्रेनेज सिस्टम, अपशिष्ट प्रबन्धन की जानकारी लेते हुए बेहतर कार्ययोजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। ग्राम स्तर पर अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु जनजागरूकता कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित किए जाएं। उन्होंने युवाओं की स्किल बढाये जाने हेतु कौशल विकास में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हुए स्वरोजगार के क्षेत्र को बढावा देते हुए युवाओं को कौशल विकास से जोड़ते हुए प्रशिक्षण दिए।

मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आ रही दिक्कतों एवं ध्वजवाहक योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मा0 उपाध्यक्ष को दी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, निदेशक राज्य योजना आयोग डॉ मनोज पंत, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरि, मुख्य चिकित्साअधिकारी डॉ संजय जैन, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल, अधि अभि सिंचाई राजेश लाम्बा, अधि. अभि जल संस्थान राजेन्द्र पाल सहित समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# नोएडा में Water ATM की हुई शुरुआत, अब कार्ड से मुफ्त मिलेगा 20 लीटर तक शुद्ध जल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : नोएडा के निवासियों के लिए काफी बढ़िया खुशखबरी है। दरअसल, शहर में अब आपको शुद्ध और ठंडा पेयजल पीने के लिए मिलेगा जिसके लिए आपको कोई भुगतान भी नहीं करना होगा। यह पहल नोएडा में रहने वाले गरीब तबके के लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होती प्रतीत हो रही है। हाल ही में नोएडा प्राधिकरण के CEO लोकेश एम. ने Noida Water ATM का उदघाटन किया। उदघाटन समारोह के दौरान नोएडा के डीएम मनीष वर्मा के साथ अन्य आला अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नोएडा में जिस Water ATM की स्थापना की गयी है, इसकी क्षमता 1 हजार लिटर प्रति घंटे तक का आउटपुट देने की है। नोएडा के जन कल्याण हेतु जल विभाग द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के फ़ंड की सहायता से इसे स्थापित किया गया है। लोगों को शुद्ध और स्वच्छ जल मिल सके यह सुनिश्चित करने हेतु इस Water ATM में बहुस्तरीय शुद्धिकरण प्रक्रिया का प्रयोग किया गया है जिसमें मुख्य रूप से कार्बन फिल्ट्रेशन, सैंड फिल्ट्रेशन तथा 5-10 माइक्रोन फिल्ट्रेशन और पेबल्स फिल्ट्रेशन की तकनीकी से जोड़ा गया है।

साथ ही अशुद्धियों को दूर करने के लिए और फ्लोराइड, क्लोराइड को छानने हेतु रिर्वस ओसमोसिस (R.O.) तस्कनीक का भी प्रयोग किया गया है। इस Water ATM का संचालन कार्ड के द्वारा होता है, इसी कारणवश इसे यह नाम दिया गया है। एक कार्ड से एक दिन में 20 लीटर तक पानी प्राप्त किया जा सकता है। वहीं यदि आप मात्र 1 लीटर जल प्राप्त करना चाहते हैं या अपनी वॉटर बॉटल भरना चाहते हैं तो खास तौर पर राहगीरों के लिए अलग से वेंडिंग मशीन लगाई गई है।

CEO Lokesh M ने बताया यह Water Tank खास तौर पर नागरिकों को मुफ्त पानी देने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खोला गया है। फिलहाल इन Water Tanks की स्थापना हरिजन बस्ती के पास सैक्टर 37 और मोरेना बस स्टैंड सैक्टर 35 में की गयी है। नोएडा के नागरिक इस Water ATM से सुबह 7 से दोपहर 12 तथा शाम को 5 बजे से रात्रि के 8 बजे तक जल प्राप्त कर पाएंगे।




# मैडम ने तो हद कर दी ! टॉयलेट का दरवाजा समझकर खोल दिया प्लेन का इमरजेंसी गेट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : आज के समय में विमान में सफर करना काफी आसान और किफायती हो गया है. जिन्होंने अपनी जिंदगी में प्लेन कभी देखा भी नहीं था, वो भी अब प्लेन से आने-जाने लगे हैं. हालांकि आमतौर पर ऐसा देखने में आता है कि जो लोग पहली बार प्लेन में सफर करते हैं, उन्हें थोड़ा डर लगता है और ऐसे में लोग कई तरह की गलतियां भी कर देते हैं. चीन में आजकल ऐसा ही एक मामला चर्चा में है. दरअसल, यहां पहली बार हवाई यात्रा कर रही एक महिला ने टॉयलेट का दरवाजा समझकर गलती से विमान का आपातकालीन निकास द्वार ही खोल दिया, जिसके बाद विमान में अफरा-तफरी मच गई।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन के पूर्वी शहर कुझोउ से एयर चाइना के एक प्लेन को बीते 4 जुलाई को देश के दक्षिण-पश्चिम में चेंग्दू के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन एक महिला यात्री ने गलती से विमान का आपातकालीन निकास द्वार खोल दिया. इसके बाद आनन-फानन में न सिर्फ यात्रियों को विमान से बाहर निकालना पड़ा बल्कि उड़ान को भी रद्द कर दिया गया. वो तो गनीमत रही कि इस घटना की वजह से एक बड़ा हादसा होने से बच गया.

रिपोर्ट के अनुसार विमान से निकाले गए यात्रियों को बाद में एक होटल में भेज दिया गया और सभी को 400-400 युआन यानी करीब 4,591 रुपये का मुआवजा भी दिया गया. वहीं, आपातकालीन दरवाजा खोलने वाली महिला को भी पुलिस पूछताछ के लिए ले गई. विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि महिला ने बिना किसी से कुछ पूछे चुपचाप विमान का दरवाजा खोल दिया. चेंग नाम के यात्री ने चोंगकिंग मॉर्निंग पोस्ट को बताया, 'जब आपातकालीन द्वार खुला तो फ्लाइट अटेंडेंट भी चौंक गए. वहीं, महिला यात्री को जब पता चला कि उसे इस जुर्म के लिए हर्जाना भरना होगा, तो वह रोने लगी। जब ये मामला चीनी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोग भी तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देने लगे. एक यूजर ने कहा कि 'पहली बार विमान में सवार होना कोई बहाना नहीं है. वह क्रू मेंबर से पूछ भी सकती थी कि टॉयलेट कहां है', तो एक अन्य यूजर ने कहा कि 'अगर आपातकालीन दरवाजा इतनी आसानी से खुल जाता है, तो क्या यह दुर्घटनावश खुल जाने का खतरा नहीं है? यह विमान के डिजाइन में खामी लगती है।

# ऑनलाइन बिक रहे हैं 'बॉस' और 'सहकर्मी', मिल रहे हैं अच्छा भाव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : ऑफिस की नौकरी में तनाव तो रहता ही है और लोग अपने बॉस के भड़कने या सहकर्मियों की पॉलिटिक्स से परेशान हो जाते हैं. बात-बात पर अगर बॉस भड़क जाएं तो कर्मचारी उन्हें टॉक्सिक का टैग दे देते हैं, वहीं कर्मचारियों की चुगली या भी इंटरनल पॉलिटिक्स से परेशान होकर कई बार कर्मचारी नौकरी तक छोड़ देते हैं. चीन में लोगों ने इस वर्क स्ट्रेस से बचने का अजीबोगरीब तरीका ढूंढ निकाला है। चीन में लोगों ने एक दिलचस्प ट्रेंड शुरू कर दिया है. वो दफ्तर में जिन लोगों ने परेशान हैं, उन्हें ऑनलाइन बेच दे रहे हैं. चाहे वो कोई बॉस हो या फिर सहकर्मी. ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म अलीबाबा के सेकंड हैंड सामान बेचने की साइट जियानयू पर लोग 'परेशान करने वाले बॉस' और 'तनाव देने वाले सहकर्मियों' को बाकायदा लिस्ट कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन में जरूरत से ज्यादा काम की वजह से पैदा होने वाले तनाव को 'वर्क स्मेल' का नाम दिया जा रहा है. इस वर्क स्मेल से बचने के लिए लोग अपने टॉक्सिक बॉस, टॉक्सिक कर्मचारियों और नौकरियों को ऑनलाइन बेचने के लिए लिस्ट कर रहे हैं. इनकी




कीमत 4 से 9 लाख के बीच लगाई गई है. दिलचस्प ये है कि इसे खरीदने के लिए भी लोग आ जाते हैं. वो बात अलग है कि ये सिर्फ मज़ाक में किया जा रहा है. इसके तहत कोई भी वास्तविक डील नहीं होती है न ही 'प्रोडक्ट' को पैसे देकर खरीदा या बेचा जाता है। एक विक्रेता ने बताया कि उसने भी जब लिस्टिंग डाली थी, तो कोई पेमेंट करने आ गया. ऐसे में उन्होंने उसे रिफंड दे दिया और लिस्टिंग को डिलीट कर दिया. ये सिर्फ अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए किया गया काम है. लोग अपना फ्रस्ट्रेशन दूर करने के लिए जियानयु पर अपनी नौकरियां तक बेचने के लिए लिस्ट करते हैं. ये उन्हें छोटे से बदले जैसा लगता है, हालांकि इसमें पैसे का कोई लेनदेन नहीं होता।

# ऑनलाइन बिक रहे हैं 'बॉस' और 'सहकर्मी', मिल रहे हैं अच्छा भाव

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : सभी अभिभावक की ख्वाहिश होती है कि उनके बच्चे तेज-तर्रार और बुद्धिमान बने. साथ ही उनका आइक्यू (इंटेलिजेंट कोशिएंट) लेवल हाइ हो. इसके लिए माता-पिता बच्चों को अलग-अलग तरह की दिमागी कसरत करने के लिए प्रेरित करते हैं. कुछ आसान तरीके हैं, जिनकी मदद से आप अपने बच्चे का आइक्यू लेवल बढ़ा सकती हैं.

म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाना सिखाएंम्यूजिक की मदद से बच्चों के दिमागी विकास को तेज किया जा सकता है, इसलिए बच्चों को कोई-न-कोई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाना जरूर सिखाएं. म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट को बजाना या सीखना मस्तिष्क को बूस्ट करने वाली बेहतरीन एक्टिविटी है.गहरी सांस लेने की आदत डालेंगहरी सांस लेने से मन शांत रहता है. इससे तनाव कम होता है और ध्यान लगाने की पावर को बढ़ती है. आप सुबह या रात में 10 से 15 मिनट निकाल कर अपने बच्चे के साथ गहरी सांस लेने का अभ्यास कर सकते हैं.

मैथमेटिकल कैलकुलेशन कराएंमैथमेटिकल कैलकुलेशन मस्तिष्क के कामकाज को बढ़ावा देने के साथ बच्चे के आईक्यू लेवल में भी सुधार कर सकती है. आप उनसे जोड़ और घटाव के सवाल पूछकर, उन्हें व्यस्त रख सकती हैं.खेलने के लिए प्रोत्साहित करेंबच्चे के संपूर्ण विकास के लिए शारीरिक गतिविधियां जरूरी हैं. खेलने से मस्तिष्क की गतिविधि बढ़ती है, क्योंकि इस दौरान एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, इसलिए बच्चे को खेलने के लिए प्रोत्साहित करें.माइंड गेम खेलने के लिए कहेंबच्चों का आइक्यू लेवल बढ़ाने के लिए उन्हें ऐसे गेम्स खेलने के लिए मोटिवेट करें. उन्हें पहेलियां बुझाएं और क्रॉसवर्ड सॉल्व करने को कहें. इससे ब्रेन की एक्सरसाइज होगी और आइक्यू लेवल भी बढ़ेगा. ब्रेन फंक्शनिंग और आइक्यू में सुधार वाले गेम्स डाउनलोड करें. इससे उनका आइक्यू लेवल भी बढ़ जायेगा.



# अलविदा जनप्रिय विधायक शैलारानी रावत





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 11 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा कार्यालय में केदारनाथ विधायक शैलारानी रावत के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने विधायक शैलारानी रावत के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन पूरे प्रदेश एवं पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। वे अपनी विधानसभा की जन समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहती थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत शैलारानी रावत केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा समर्पित भाव से कार्य करती थी और जनता की समस्याओं को सरकार एवं शासन स्तर पर प्राथमिकता से रख कर उनका समाधान करवाती थी। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम छोर में खड़े लोगों की आवाज को उठाने और समाधान की ओर ले जाने का कार्य किया। उनका सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व था।मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोक संतप्त परिजनों और शुभचिंतकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

उन्होंने कहा कि शैलारानी रावत की कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण भाव को सदैव याद रखा जायेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, श्रीमती रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, रेनू बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान एवं पार्टी पदाधिकारियों ने शैलारानी रावत को श्रद्धांजलि दी।

# नम आँखों से प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दी दिवंगत शैलारानी को श्रद्धांजलि

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुद्रप्रयाग , 11 जुलाई , केदारनाथ की लोकप्रिय विधायक रही शैला रानी रावत को उनके गृह जिले रुद्रप्रयाग में जन समुदाय ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पार्टी कार्यालय में दिवंगत आत्मा को नमन करने के लिए बड़ी संख्या में पार्टी नेता मौजूद रहे। शोक और गम में डूबे रुद्रप्रयाग के प्रभारी मंत्री और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी बेहद गमगीन नज़र आये और उन्होंने श्वेत चादर और पुष्पहार चढ़ाकर आत्मा की शांति की प्रार्थना की।






## मियांवाला क्षेत्र में खराब पड़ी हैं 250 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट

देहरादून। नगर निगम के मियांवाला वार्ड में पिछले तीन महीने से स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के साथ ही नई स्ट्रीट लाइट लगाने का काम ठप पड़ा हुआ है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर, नगर निगम की ओर से कंपनी के अधिकारियों को कई बार चेतावनी भी दी गई है, बावजूद इसके स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नहीं हो रही है। निवर्तमान पार्षद पूजा नेगी ने बताया कि मियांवाला में बीते तीन महीने से ना तो क्षेत्र में नई स्ट्रीट लाइट लगी है और नहीं पुरानी की मरम्मत हो पा रही है। इस बारे में लगातार नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क करती रही हैं, लेकिन आश्वासन के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण बरसात के सीजन में रात्रि के समय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी लोगों की नारागजी झेलनी पड़ रही है। उनके मुताबिक अकेले मियांवाला वार्ड में ही ढाई सौ से अधिक स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई हैं। अधिवक्ता एनके गुसाईं ने बताया कि वार्ड 67 मोहकमपुर माजरी माफी में कई लाइटें खराब हैं। उन्होंने कहा कि अनुबंधित कंपनी टोल फ्री नंबर पर फोन तक नहीं उठा रही। इससे समस्या हल नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान अंधेरा होने की वजह से विभिन्न इलाकों में जंगली जानवरों, सांप आदि का डर बना रहता है। इसलिए उन्होंने कंपनी के खिलाफ सख्ती करते हुए लाइटें ठीक करवाने की मांग की है।

यहां दर्ज करवाएं शिकायतः स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर - 9389262824, 08366670840, 08363520500 पर लोग फोन कर सकते हैं। इन नंबर पर किसी भी कार्य दिवस पर सुबह दस से शाम पांच बजे तक फोन कर सकते हैं।

नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार का कहना है कि कंपनी को तय सीमा के अंदर स्ट्रीट लाइट ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जल्द ही नई लाइटें भी उपलब्ध हो जाएंगी, इससे समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।

## शहीद विनोद सिंह पंचतत्व में विलीन

ऋषिकेश । जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद लांस नायक विनोद सिंह भंडारी बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। मुनिकीरेती स्थित पूर्णानंद घाट पर राजकीय सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अठूरवाला निवासी 33 वर्षीय शहीद लांस नायक विनोद सिंह भंडारी की अंतिम यात्रा ऋषिकेश पहुंची। भद्रकाली होते हुए अंतिम यात्रा पूर्णानंद घाट पर पहुंची। जहां राजकीय सम्मान के साथ पुष्पवर्षा के बीच शहीद विनोद सिंह भंडारी के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। घाट पर गमगीन माहौल में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, शहरह विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल, प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, सेना और पुलिस महकमे के अधिकारियों ने शहीद को श्रद्धाजंलि दी। वहीं आठवीं गढ़वाल राइफल के जवानों ने शहीद को सलामी दी। नम आंखों से चचेरे भाई पंकज भंडारी ने शहीद विनोद सिंह भंडारी को मुखाग्नि दी। अंतिम विदाई में प्रसिद्ध उद्यमी बचन पोखरियाल, एडीएम जय भारत, एसडीएम कुमकुम जोशी, देवेंद्र नेगी, एसपी देहात लोकजीत सिंह, एएसपी जेआर जोशी, तहसीलदार अयोध्या प्रसाद उनियाल, चमन सिंह, नगरपालिका के निवर्तमान अध्यक्ष रोशन रतूड़ी, भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुकरेती, देवेश उनियाल, राकेश मियां, जयेंद्र रमोला, धन सिंह नेगी, शिवकुमार गौतम आदि मौजूद रहे।

**बहन सीमा और राखी ने दिया भाई को कंधा :** शहीद लांस नायक विनोद सिंह भंडारी का पार्थिव शरीर बुधवार सुबह एम्स ऋषिकेश से अठूरवाला स्थित घर लाया गया। शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचते ही पत्नी नीमा और मां शशि देवी फफक पड़ीं। बहन सीमा और नीमा भी फूट-फूटकर खूब रोईं। गमगीन माहौल में पिता वीर सिंह भंडारी भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। आसपास के लोगों की आंखें भी सपूत की शहदात पर नम दिखीं। घर से अंतिम यात्रा के दौरान बहन सीमा और राखी ने शहीद भाई विनोद सिंह भंडारी के पार्थिव शरीर को कंधा दिया। तीसरी बहन नीमा कनाडा में होने के चलते नहीं पहुंच पाईं। शहीद के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए घर के बाहर रखा गया। इसी बीच स्थानीय लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। गढ़वाल राइफल की आठवीं बटालियन के बैंड ने शोकाकुल धुन बजाया। बहन सीमा और राखी को रोते हुए देख स्थानीय महिलाओं ने ढांढस भी बंधाया। पूर्व सैनिक पिता वीर सिंह भंडारी हाथों में फूल लिए फफकते दिखे तो बेटी सीमा और राखी ने पिता के पास आकर उन्हें संभाला।

## हैस्को को एयरबंब सामुदायिक निधि अनुदान पुरस्कार

देहरादून। ऑनलाइन होम स्टे प्लेटफार्म एयरबंब ने इस साल भारत से हैस्को संस्था को सामुदायिक निधि अनुदान पुरस्कार के लिए चुना है। हैस्को ने बुधवार को देहरादून में अपनी इस उपलब्धि को मीडिया से साझा करते हुए कहा कि वह 41 लाख रुपये की पुरस्कार राशि को देहरादून के चकराता, मालदेवता और अल्मोड़ा के रानीखेत क्षेत्र में होम स्टे स्थापित करने के लिए ग्रामीण समाज को जागरूक करने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने में खर्च करेगा। एयरबंब की ओर से 2020 में कम्युनिटी फंड की स्थापना की गई। इसमें वह हर साल समुदायों में होम स्टे और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक निधि अनुदान पुरस्कार जारी करता है। इसमें विश्वभर के संगठन और एनजीओ का नामांकन किया जाता है, साथ ही पुरस्कार की घोषणा मतदान के आधार पर की जाती है।

हैस्को के संस्थापक पदम भूषण डॉ.अनिल जोशी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया में इस बार दुनियाभर के 40 देशों के 50 अधिक सक्रिय संस्थाओं ने हिस्सा लिया था। इसमें उत्तराखंड की संस्था हैस्को भी शामिल रही, जो हिमालय के साथ आर्थिकी, पारिस्थितिकी समावेशी यात्रा और पर्यटन को जोड़ने के प्रयास में जुटी हुई है। साथ ही गांवों में लोगों को होम स्टे के लिए प्रेरित करने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि एयरबंब ने ने सामुदायिक निधि अनुदान पुरस्कार के तौर पर 41 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। डॉ.जोशी के मुताबिक इस सहायता राशि से वह प्रमुख रुपये से देहरादून के चकराता क्षेत्र के विषोई, रानीखेत के भगतोला, काफरा, पांडेजर और देहरादून के मालदेवता के सरखेत गांव में होम स्टे की स्थापना के लिए लोगों को प्रेरित करने में खर्च करेंगे। काठगुनी होम स्टे सहयोगी संस्थान के रूप में इसमें काम करेगा।

# स्थानीय स्तर पर मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : डॉ. धन सिंह रावत

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 11 जुलाई , स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के दृष्टिगत पौड़ी जनपद के कोट ब्लॉक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जायेगा। इसके लिये राज्य सरकार ने स्वास्थ्य उपकेन्द्र मुछियाली के उच्चीकरण को मंजूरी दे दी है। मुछियाली उपकेन्द्र के अपग्रेडेशन से नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण से लेकर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश के मैदानी इलाकों से लेकर पर्वतीय अंचलों में आम लोगों बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराने के लिये दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि पौड़ी जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देते हुये कोट ब्लॉक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जायेगा। इसके लिये राज्य सरकार ने स्वास्थ्य उपकेन्द्र मुछियाली के उच्चीकरण की मंजूरी दे दी है।

शीघ्र ही शासन स्तर से इसका शासनादेश जारी कर दिया जायेगा।

विभागीय मंत्री ने बताया कि मुछियाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना होने से क्षेत्र की लगभग 6 हजार से अधिक आबादी को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक उपचार की सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी इसके अलावा पल्स पोलियो अभियान, शिशु टीकाकरण, संस्थागत प्रसव सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी स्थानीय लोगों को मिल सकेगा। डा. रावत ने बताया कि कोट ब्लॉक के मुछियाली में सरकारी अस्पताल खोलने को लेकर स्थानीय लोगों की लम्बे समय से मांग रही है, जिसको राज्य सरकार ने पूरा कर दिया है।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य उपकेन्द्र मुछियाली पर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की निर्भरता अधिक होने व उपकेन्द्र के 20 किलोमीटर के दायरे में कोई राजकीय चिकित्सा इकाई न होने के फलस्वरूप आईपीएचएस के अंतर्गत जनसंख्या मानकों में शिथिलता प्रदान की गई है। डा. रावत ने बताया कि ग्रामीणों को इलाज के जिला चिकित्सालय पौड़ी या सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोट आना पड़ता है जो लगभग 20 से 25 किलोमीटर की दूरी पर हैं। उन्होंने कहा कि मुछियाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से जहां लोगों को समय पर इलाज मिलेगा वहीं उन्हें शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे ।जिससे ग्रामीणों के समय और पैसे की भी बचत होगी।



# हल्द्वानी : सब रोकते रह गए पर माना नहीं, कुमाऊं रेजीमेंट का जवान गदेरे में नहाते समय डूबा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



हल्द्वानी 11 जुलाई : बीती शाम धारी ब्लॉक के पदमपुरी मार्ग पर सड़क से नीचे बसे बमेटा गांव के पुल के गधेरे में पांच कुमाऊं रेजीमेंट के जवान गदेरे में नहा रहे थे, इनमें से एक जवान डूब गया, फौजी को खोजने के लिए सर्च अभियान चलाया गया लेकिन कोई पता नहीं चल पाया।

हाल ही में छुट्टी पर घर आए कुमाऊं रेजीमेंट के एक जवान बीते दिन को गदेरे में डूब गया। हल्द्वानी के देवलचौड़ निवासी हिमांशु देफौटिया जो सेना में तैनात हैं, वे इन दिनों छुट्टी पर अपने घर आए हुए थे। वे हल्द्वानी के कुछ फौजी साथियों के साथ धारी विकासखंड के पदमपुरी मार्ग पर बमेटा गांव के पुल के गदेरे में नहा रहे थे, तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। उनके साथियों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन वह उनकी नजरों से ओझल हो गए। इसके बाद उनके साथियों ने इस घटना की सूचना जिला प्रशासन और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही धानाचूली पुलिस, राजस्व पुलिस, एसडीआरएफ और फायर की टीम मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान चलाया लेकिन अंधेरे होने से उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया, पुलिस ने बताया कि आज फिर से उनकी तलाश की जाएगी।

लापता फौजी हिमांशु दफौटिया पुत्र पुष्कर दफौटिया निवासी बागेश्वर, हाल निवासी कुसुमेखेड़ा हल्द्वानी अपने चार दोस्तों के साथ घूमने गए थे। ये सभी कुमाऊं रेजीमेंट के नाइन कुमाऊं की यूनिट में तैनात हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गदेरे में नहाने से मना करने के बावजूद हिमांशु ने उनकी बात नहीं मानी और नहाते समय वह गहरे पानी में फंसकर डूब गया। उन्होंने बताया कि गदेरे और नदी में नहाने के कारण पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है।

# उत्तराखंड : शिक्षा विभाग में खुला नौकरियों का पिटारा, 11 हजार पदों पर जल्द होगी भर्ती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




उत्तराखंड 11 जुलाई : प्रदेश में नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। विद्यालयी शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए करीब 11 हजार पदों पर भर्ती शुरू करने जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को जल्दी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

शिक्षा विभाग में खाली पड़े पदों को भरने के लिए मंगलवार को विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राथमिक, माध्यमिक, समग्र शिक्षा, प्रधानाचार्यों और चतुर्थ श्रेणी के खाली पदों को भरने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि विभाग में कुल 11 हजार पद खाली हैं, जिन्हें वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में भरा जाएगा। इसमें प्राथमिक शिक्षा में 3900 शिक्षक, माध्यमिक शिक्षा में 1500 सहायक अध्यापक, 700 प्रवक्ता, 650 प्रधानाचार्य, 100 उप खंड शिक्षा अधिकारी, 624 डायट पद, समग्र शिक्षा के तहत सीआरपी-बीआरपी सहित 1500 पद और 2500 चतुर्थ श्रेणी पद शामिल हैं।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि शिक्षकों के खाली पद भरने से प्रदेश में शिक्षक की कमी दूर होगी। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डायट की नियमावली जल्द तैयार की जाए और विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। इसके अलावा, पीएम-श्री और क्लस्टर विद्यालयों की स्थिति, आवंटित बजट के अनुसार खर्च की स्थिति, और प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं (भवन, कक्षा-कक्ष, फर्नीचर, पेयजल, विद्युतीकरण, भोजनालय, शौचालय) को दुरुस्त करने पर भी जोर दिया गया, ताकि छात्रों को सभी सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### उमसभरी गरमी से लोग बेहाल

ऋषिकेश। ऋषिकेश में दिनभर उमस भरी गर्मी पड़ने से लोगों के पसीने छूट रहे हैं। बुधवार सुबह हल्की बारिश होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन दोपहर के समय आसमान पर तेज धूप निकलने और उमस भरी गर्मी पड़ने से लोग बेहाल नजर आए। अगर एक-दो दिन में बारिश नहीं हुई तो लोगों को और उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ेगा। कुछ दिनों की राहत के बाद उमस भरी गर्मी ने फिर कहर बरपाना शुरू कर दिया है। लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मौसम में घरों से बाहर जाकर काम करने वाले कामकाजी लोगों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। मजदूरों को दिन भर चिलचिलाती धूप में काम करना पड़ रहा है। बारिश नहीं हुई तो आने वाले दिनों में दिक्कत बढ़ सकती है। उमस भरी गर्मी के चलते बाजार में भी दोपहर के समय भीड़ कम हो रही है। बुधवार को ग्राहकों से अटे रहने वाले बाजार सूने नजर आये। मौसम वैज्ञानिक विक्रम सिंह के मुताबिक गुरूवार को बारिश होने के आसार बनते दिख रहे है। जिससे तापमान में गिरावट आयेगी।

**33 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान :** बुधवार को तेज धूप निकलने और उमस भरी गर्मी पड़ने से अधिकतम तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। बीती सोमवार को अधिकत तामपान 32 एवं न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया था। जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। जिससे लोगों को ज्यादा उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा।

### गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान से सवा दो मीटर नीचे रहा

ऋषिकेश। ऋषिकेश में बुधवार को भी गंगा शांत होकर बहीं। जलस्तर चेतावनी निशान से सवा दो मीटर नीचे रहा। जलस्तर घटने पर प्रशासन को राहत मिली। श्रद्धालओं ने भी गंगातट पर स्नान किया। बीती सोमवार दोपहर से ही गंगा के जलस्तर में लगातार गिरावट होने लगी थी। बुधवार को जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 से सवा दो मीटर नीचे करीब रहा। पर्वतीय क्षेत्र में बारिश न होने से गंगा के जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। बारिश होने पर फिर जलस्तर में बढोत्तरी होगी। केंद्रीय जल आयोग के अवर अभियंता विभांशु त्रिपाठी ने बताया कि गंगा का चेतावनी निशान 339.50 मीटर है। जबकि, बुधवार जल स्तर 33.25 मीटर रहा, जोकि शाम को घटकर 337.20 तक पहुंच गया। बताया कि जलस्तर को लेकर प्रशासन और संबंधित महकमों को पल-पल की अपडेट दी जा रही है। उधर, एसडीएम कुमकुम जोशी ने बताया कि मानूसन को देखते हुए प्रशासन हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। गंगा और उसकी सहायक नदियों के आसपास बसे लोगों को भी समय-समय पर चेतावनी जारी की जा रही है।

### हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में सुविधाओं से संतुष्ट दिखी एयरबोर्न इंफेक्शन कंट्रोल टीम

ऋषिकेश । हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में एयरबोर्न इंफेक्शन कंट्रोल टीम ने बुधवार को सघन निरीक्षण किया। अस्पताल में मौजूद रोगियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को टीम के सदस्यों ने संतोषजनक बताया।हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में छाती एंव सांस रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राखी खंडूरी ने बताया कि टीम के सदस्य भारत में स्थापित डीआर-टीबी सेंटर का निरीक्षण कर रहे हैं। हिमालयन अस्पताल में नोडल डीआर-टीबी सेंटर वर्ष 2011 से स्थापित है। इसी कड़ी में एयरबोर्न इंफेक्शन कंट्रोल टीम के विशेषज्ञों की टीम हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट पहुंची। यहां पर अस्पताल के निदेशक (स्वास्थ्य सेवा) डॉ.हेमचंद्र पांडे, डॉ.राजेश माहेश्वरी, डॉ.(रि.ब्रिगेडियर) आरएस सैनी, ड्रग रेजिस्टेंस टीबी के नोडल ऑफिसर डॉ.सुशांत खंडूरी, ने टीम का स्वागत किया। इसके बाद टीम के सदस्यों ने ओपीडी, वॉर्ड, ब्रांकोस्कॉपी, आरआईसीयू, लैब, पंजीकरण स्थल सहित अस्पताल के विभिन्न जगहों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य अस्पताल इंफेक्शन कंट्रोल सहित स्वच्छता और रोगियों की स्वास्थ्य सुविधाओं से पूरी तरह संतुष्ट नजर आए। इस दौरान हिमालयन अस्पताल के डॉ. बरनाली काकाटी, डॉ. गरिमा मित्तल, डॉ. आरती, डॉ. शैली व्यास, इं. गिरीश उनियाल, रूपेश मेहरोत्रा, बलवंत सिंह आदि मौजूद रहे। एयरबोर्न इंफेक्शन कंट्रोल टीम सदस्य डॉ. अनू जॉर्ज की अगुवाई में निरीक्षण के दौरान डॉ. अश्विनी खन्ना, डॉ. विकास सभ्भरवाल, इंजीनियर सेतु वर्मा, डॉ. प्रशांत चौधरी, डॉ. बिप्रा विष्णु उपस्थित थे।

# मंगलौर उपचुनाव में गोलीबारी, कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 11 जुलाई , उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन/प्रशासन मथुरा दत्त जोशी के नेतृत्व में मंगलौर उपचुनाव में मतदान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये गोलीबारी के संबंध में मुख्य चुनाव आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रदेश के 33-मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग के दौरान सरकारी मशीनरी का खुला दुरूपयोग किया जा रहा है। यही नहीं लिब्बरहेडी में पुलिस प्रशासन एवं मतदान कर्मियों की मौजूदगी में गोलीबारी की घटना सामने आई है, जिसमें बाहरी राज्यों से आये गुंडा तत्वों द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय लिब्बरहेडी के बूथ नम्बर 53-54 में मतदाताओं पर लाठी डंडों से प्रहार किया गया तथा गैर कानूनी हथियारों से लगभग 6-7 राउंड हवाई फायरिंग गई जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ता शकील, सहबाग एवं शौकीन नामक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुए हैं जिसमें शौकीन नामक युवक की हालत गम्भीर बनी हुई है।

मथुरा दत्त जोशी ने कहा कांग्रेस पार्टी द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2024 को ज्ञापन के माध्यम से शिकायत दर्ज की गई थी कि मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के अनेक हिस्सों में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के नम्बरों वाली गाडियां जिनमें भाजपा के चुनावी पोस्टर लगे हैं, के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व बाहर से आये हुए नेतागण वोटरों को प्रभावित करने के लिए शराब व धन को खुले आम बांटी जा रही है तथा क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाया जा रहा है।

पूरे चुनाव प्रचार के दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से राज्य सरकार के दबाव में कार्य करता रहा तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को जांच के नाम पर प्रताडित कर दहशत फैलाने का काम किया गया। चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस पार्टी की शिकायत का संज्ञान नही लिये जाने के चलते आज मतदान के दौरान इस प्रकार की घटना घटित हुई है जिसके लिए निर्वाचन आयोग एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से जिम्मेदार है।

जोशी ने कहा कि मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान हुई गोलीकांड की घटना को लोकतंत्र के लिए उचित नहीं ठहराया जा सकता है। मंगलौर के लिब्बरहेड़ी में घटी इस गम्भीर घटना के लिए दोषियों एवं जिम्मेदार पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि लिब्बरहेडी घटना के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाय तथा मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के लिब्बरहेडी के बूथ संख्या 53 एवं 54 में पुनः मतदान कराया जाय। जिससे लोकतंत्र की रक्षा की जा सके। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सलाहकार अमरजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, स्वतत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ट के महामंत्री अवधेश पन्त, आईसी सेल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विशाल मौर्य, प्रवक्ता सुलेमान अली, अनुराग मित्तल, डॉ. सुरेन्द्र प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## प्लास्टिक उन्मूलन विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

चमोली। पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग की एनसीसी ईकाई ने प्लास्टिक उन्मूलन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान जन जागरूकता रैली के माध्यम से प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही संगोष्ठी के माध्यम से प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान की जानकारी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती, सोहन मुनियाल, मीना रयाल, एनसीसी प्रभारी डॉ. वाईसी नैनवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट सामाजिक उत्थान के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुकरेती ने महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के कैडेटों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण में इन कैडेटों का योगदान सराहनीय है।

## उप चुनाव में माणा के मतदाताओं में दिखा उत्साह

चमोली। भारत के पहले गांव माणा के मतदाताओं ने बुधवार को उत्तराखंड बनने के बाद अपने ही मूल गांव माणा में उप चुनाव के लिए मतदान किया। बुधवार को शुरू हुए मतदान में बुजुर्ग से लेकर युवा अवस्था के मतदाता माणा स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान करने के लिए पहुंचे। मतदान के दिन मौसम साफ रहने के कारण सुबह-सुबह मतदाता अपने घरों से मतदान के लिए पहुंचे। माणा मतदान केंद्र में 824 मतदाता है। माणा के ग्राम प्रधान पीताम्बर मोलफा ने माणा से बताया अपने मूल गांव में मतदान के लिए लोगों में उत्साह देखा गया।

## शहीद आनंद की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

रुद्रप्रयाग। जम्मू कश्मीर के कठुआ में शहीद हुए रुद्रप्रयाग के कांडा भरदार निवासी नायब सूबेदार आनंद सिंह रावत का बुधवार को पैतृक घाट सूर्यप्रयाग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधि ने शहीद को नम आंखों से शहीद को अंतिम विदाई दी। शहीद आनंद को उनके बड़े बेटे मनीष और भाई कुंदन सिंह ने मुखाग्नि दी।

## बांध प्रभावितों को प्राथमिकता से रोजगार देने की मांग

नई टिहरी। ग्राम पंचायत सौड़ उप्पु के ग्रामीणों ने बुधवार को डोबरा बोटिंग प्वाइंट पर स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देकर रोजगार देने की मांग की है। इस संदर्भ में लोगों ने डीएम को पत्र भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि डोबरा बोटिंग प्वाइंट के लिए प्रशासन ने आवेदन मांगे हैं, लेकिन उनमें स्थानीय बेरोजगारों के लिए कोई प्राथमिकता नहीं है। जबकि टिहरी बांध के लिए सौड़ उप्पु सिल्ला, उप्पु तल्ला, उप्पु मल्ला व औलणी उप्पु गांव के लोगों की 80 प्रतिशत भूमि दी है। जिसके बाद से यहां के स्थानीय लोग आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। डोबरा बोटिंग प्वाइंट खोले जाने से रोजगार की उम्मीद है, लेकिन स्थानीय बांध प्रभावितों को इसमें प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। इसलिए बोटिंग प्वाइंट पर रोजगार के अवसरों में बांध प्रभावित उप्पु और आस-पास के ग्रामीणों को प्राथमिकता दी जाय। ज्ञापन देने वालों में दिनेश, मुकेश, प्रेमा, देवी, राजेंद्र आदि शामिल रहे।




## क्षयरोगियों को पोषण किट वितरित किये गए

देहरादून , 11 जुलाई , राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षयरोगियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 बी0एस0रावत द्वारा पोषण किट वितरित किये गये। पोषण किट निक्षय मित्र समता एन0जी0ओ0 द्वारा के0 राम चन्द्र राव ट्रांसमिशन एण्ड प्रोजेक्ट प्रा0लिमि0 के माध्यम से प्रदान किये गये। समता एन0जी0ओ0 द्वारा जनपद के 100 क्षयरोगियों को पोषण किट प्रदान किये गए। साथ ही जूम मीटिंग के माध्यम से राज्य क्षय नियंत्रण अधिकारी डा0 पंकज सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा जिला क्षयरोग अधिकारी, डा0 कुलवीर सिंह राणा द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में चल रही गतिविधियों से अवगत कराया गया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी0एस0 पांगती, समता एन0जी0ओ0 प्रोजेक्ट हेड वर्षा कौशिक, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर कुवंर सिंह चौहान, टी0बी0क्लीनिक से अजय बिष्ट, रघुवीर कण्डारी, कमल भण्डारी, जोत सिंह बिष्ट, नवीन नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पौड़ी। जम्मू के कठुआ में आतंकी हमले में उत्तराखंड के शहीद पांच जवानों की शहादत पर पूर्व सैनिक कल्याण संगठन ने बुधवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सैनिकों ने आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसका जवाब दिए जाने की मांग उठाई है। बुधवार को शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने बताया कि कटवा के आतंकी हमले में राइफल में अनुज नेगी, कमल रावत, आदर्श नेगी, नायब सूबेदार आनंद सिंह और विनोद सिंह शहीद हो गए। कहा कि देश को उनकी शहादत पर गर्व है। लेकिन उनकी शहादत को देश कभी भूलेगा। कहा कि ऐसी नापाक हरकत करने वालों के खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करते हुए सर्जिकल स्ट्राइक जैसे कदम उठाने चाहिए। जिससे आगे से भारत के खिलाफ मनसूबे पालने वालों को देश की ओर आंख उठाने से पहले कई बार सोचना पड़े। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व सैनिक राजेंद्र सिंह रावत, भुवन चंद्र बड़थ्वाल, एमएस कंडवाल, विनोद नेगी आदि शामिल रहे।

### पौड़ी में निशुल्क नेत्र शिविर आज

पौड़ी। हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल द्वारा गुरुवार को श्रीनगर रोड पर शकुंतला भवन में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। अटल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गुरुवार को आयोजित शिविर में चिकित्सकों द्वारा शिविर में मरीजों की आंख की जांच की जाएगी। मोतियाबिंद की शिकायत वाले मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में दवाईयां व चश्मे भी वितरित किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### कोट में खुलेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र मुछियाली के उच्चीकरण की मिली मंजूरी

पौड़ी। जिले के कोट ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा। सरकार ने स्वास्थ्य उपकेंद्र मुछियाली के उच्चीकरण को मंजूरी दे दी है। मुछियाली उपकेंद्र के अपग्रेडेशन से नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण से लेकर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि पौड़ी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार देते हुये कोट ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाएगा। इसके लिये राज्य सरकार ने स्वास्थ्य उपकेंद्र मुछियाली के उच्चीकरण की मंजूरी दे दी है। शीघ्र ही शासन स्तर से इसका शासनादेश जारी कर दिया जाएगा। बताया कि मुछियाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना होने से क्षेत्र की लगभग 6 हजार से अधिक आबादी को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक उपचार की सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी। कहा कि मुछियाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद खुलने से जहां लोगों को समय पर इलाज मिलेगा वहीं उन्हें शहरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे । जिससे ग्रामीणों के समय और पैसे की भी बचत होगी।

### 17 से 19 जुलाई तक निशुल्क आधार कैंप आयोजित

पौड़ी। तहसील सतपुली परिसर में सभी आयु के लोगो के लिए निशुल्क आधार कैंप आयोजित किया जाएगा। एसडीएम सतपुली अनिल चन्याल ने बताया कि 17 से 19 जुलाई तक तीन दिवसीय आधार कैंप का आयोजन सतपुली तहसील परिसर में किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से कैंप का लाभ उठाने की अपील की है।

### पौड़ी में मानेदय को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर धरने पर


पौड़ी। सीटू से संबद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सेविका कर्मचारी यूनियन ने बुधवार को पौड़ी में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद यूनियन ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर जल्द ही समस्याओं के हल करने की मांग उठाई। बुधवार को कलक्ट्रेट के बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा मूर्ति स्थल पर धरना-प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी यूनियन जिला अध्यक्ष नीमा रावत ने कहा कि लंबे समय से वो सरकार से सामने अपनी बात रख रही हैं। बताया कि वो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्य कर्मचारी घोषित करने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार ग्रेच्युटी देने, आंगनबाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में 75 फीसदी बढ़ोतरी करने, सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 26 हजार न्यूनतम वेतन मान दिए जाने, रिक्त पड़े पदों पर आंगनबाड़ी कर्मचारी की नियुक्ति करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर की समय-समय पर आंदोलन करती हैं। लेकिर हर बार उनकी अनदेखी होती है।

# यूनिक हेयर कटिंग का शौक युवक को पड़ा भारी, लाखों का बिल देखकर उड़े होश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जुलाई : आजकल युवाओं में अलग-अलग तरह की स्टाइलिश हेयर कट रखने का क्रेज खूब देखने को मिलता है। लोग अपने हेयरकट को हर ट्रेंडिंग फैशन के साथ चेंज करते रहते हैं। यही वजह है कि लोग स्टाइलिश और यूनिक हेयरकट करवाना पसंद करते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सुना है कि एक शख्स हेयर कट के लिए इतना क्रेजी था कि इसके लिए उसे लोन लेना पड़ा। आपको यह सुनकर भरोसा न हो लेकिन हाल ही में ऐसी घटना घटी है। जिसमें एक शख्स ने हेयर कट के लिए 1 लाख 14 हजार रुपये की भारी भरकम रकम चुकाई और इसके लिए उसे लोन लेना पड़ गया। सो प्रमोद कुमार ने कहा की सबसे फेकले हम जनता के रखवाले है। हम दिन रात मेहनत करते है।

और हमारी ड्यूटी जनता के लिए है। अगर मुझे एसएसपी तनड़ो ने ये तो में उसे हर भाल में पूरी करूंगा। से बिनु सिंह ने बताया अगर कोई भी वेक्टी नशा छोड़ना



छठा है श उसके लिओए सरकार मुफ्त में इलाज कर रही है। नशा तस्करो को किस भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा। नशा तस्करों के खिलाफ जो भी पुलिस को सूचना देगा उसकी सूचना गुप्त रखी जाएगी ' उसका नाम नहीं खोला जायेगा। और उसमे ये भी सबसे अछि बात है की घर वालो को भी बच्चो का ध्यान रखें होगा कि बच्चा किस से मिल रहे है खा जा रहे है . किस सांगत में पद रहे है। ये माँ बाप को भी ख्याल रखना होगा। सो प्रमोद कुमार ने ये भी कहा है कि दिन हो या रात यूपी पुलिस हमेशा आपके साथ , लास्ट में SO प्रमोद ने अपनी वाणी को विराम देते हुई खा है की में अपनों को छोड़ कर आया हु में खाकी को आपके रखशा के लिए अपनों को कहोड़ कर आया हु।

साउथ चाइना मॉर्निंग की रिपोर्ट के अनुसार ये घटना चीन के ज़ेंगजियांग प्रांत में एक व्यक्ति के साथ घटित हुई है जो वर्कर के तौर पर एक रेस्टोरेंट में काम करता था।

व्यक्ति के दोस्त ने उसे 20 युआन यानी 250 रुपये का गिफ्ट कार्ड दिया जो बीजी किंग हेयर सैलून का था। इस कार्ड को बेसिक हेयरकट के लिए यूज किया जा सकता था। जब यह शख्स इस कार्ड को लेकर हेयर कटिंग के लिए सैलून पहुंचा तो सैलून ने बताया कि उसे हेयरकट से पहले हेड मसाज दी जाएगी। इसके बाद उसके फेस पर 500 रुपये वाला फेसपैक लगाया। इस बीच सैलून ने व्यक्ति को 5000 युआन यानी 57 हज़ार के गिफ्ट कार्ड को खरीदने के लिए भी कहा। मैंने आपसे बोला था की जब भी जाग बीएस आपकी वजह से जाऊंगा , और आप हमेशा याद रखियो गए

इन सब मसाजों के चलते व्यक्ति के चेहरे से चश्मा भी हटा दिया गया था जिस वजह से वह ठीक से प्राइस लिस्ट भी नहीं देख पाया। फिर हेयरकट करवाने से पहले सैलून की तरफ से व्यक्ति को बिल और कोट देखने के लिए कहा पर उसने इस पर ध्यान नही दिया। हेयरकट के दौरान उसके सिर पर कई तरह के हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया गया जिनका प्राइस उसके गिफ्ट कार्ड को पार कर गया। जब सैलून ने शख्स को हेयरकटिंग के लिए 1 लाख 14 हजार रुपये का बिल थमाया तो उसके होश उड़ गए। शख्स ने सैलून वालों को बताया कि उसके पास बिल चुकाने के लिए इतने पैसे नहीं है तो सैलून ने व्यक्ति का मोबाइल फोन जब्त कर लिया और 57000 हजार रुपये का लोन देकर शख्स से बिल वसूला गया। शख्स का कहना था की वे इस बीच काफी डर गया था जिस वजह से वो कुछ बोल नहीं पाया। इसके बाद शख्स ने अपने पैसे सैलून वालों से वापस लेने के लिए मीडिया से मदद मांगी।

## पुलिस ने शव को किया रेस्क्यू

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक के ग्राम पंचायत बीना गांव के एक व्यक्ति का शव बुधवार को घुत्तू के निकट भिलंगना नदी से बरामद किया गया। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि 9 जुलाई को ग्राम प्रधान राजेश्वरी देवी ने तहरीर देकर बताया कि राम प्रसाद (65) पुत्र जगदेश्वर नदी में बह गए हैं। वह मानसिक रूप से भी कमजोर हैं। जिसके बाद बुधवार सुबह घुत्तू निवास रतनमणि भट्ट ने पुलिस को सूचना दी कि बाजार के नजदीक भिलंगना नदी में एक शव बहकर आया है। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम वहां पहुंची और रेस्क्यू चलाकर शव को नदी से बाहर निकाला। एसएचओ ने बताया कि मृतक की पहचान रामप्रसाद के रूप में हुई है। शव नदी में पत्थर पर अटका था। बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेजा गया है।

## ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं पर किया जा रहा फोकस : सीएमओ

नई टिहरी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनु जैन ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छाम-कंडीसौड़ में हाईटेक एक्सरे मशीन और सीआरए (कंप्यूटराइज्ड रेडियोग्राफी सिस्टम) स्थापित की जा रही है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर एक्सरे का काम शुरू हो जाएगा। सीएमओ ने बताया कि सीएचसी में रेडियो टेक्निशियन का पद पहले से स्वीकृत है। लेकिन मशीन न होने के कारण तकनीशियन को अन्यत्र अटैच किया गया था। जिसे जल्द वापस बुलाया जाएगा। इसके अलावा जिले में छह स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण भी किया जा रहा है। डॉ. मनु ने बताया कि बरसात के सीजन में डेंगू की बीमारी के रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाई है। एक ओर जहां लार्वा का सर्वे किया जा रहा है, वहीं जिले में डेंगू के लिए 50 बेड तैयार किए हैं।

## आयुर्वेद विवि में भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारी

देहरादून। आयुर्वेद विवि के तीनों परिसरों में छह माह से उपनल एवं पीआरडी के कर्मचारियों को वेतन एवं सेवा विस्तार नहीं मिलने से उनका आक्रोश भड़क गया है। बुधवार को कर्मचारियों ने देहरादून स्थित हर्रावाला मुख्य परिसर में भूख हड़ताल शुरू कर दी। उपनल महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी भी विवि पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल, प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद, विभागाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि कर्मचारी समय-समय पर मौखिक व लिखित रूप में अपनी पीड़ा अधिकारियों के सामने रखते रहे हैं। जल्द वेतन भुगतान कर देने का आश्वासन मिलता है। अदालत से भी स्थाई नियुक्ति होने तक वर्तमान कार्मिक के अपनी सेवा देने के आदेश हो गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉकटेल नहीं करने पर सम्मानित किया

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के सौड़ ढुंगली गांव में अंजली की शादी की मेहंदी रस्म में कॉकटेल पार्टी नहीं हुई। अंजली ने कहा कि नशा हमारे समाज के लिए अभिशाप है। जिसे हम युवाओं को खुद से रोकना होगा। सामाजिक कार्यकर्ता सुशील बहुगुणा ने शादी में कॉकटेल पार्टी न होने परिजनों की पहल के सराहा और उनको सम्मानित किया गया। इस मौके पर जय कृष्ण डबराल हेमलता डबराल दीपक रजनी देवी बवली देवी, सविता, विमला, दीपा, कविता, उर्मिला देवी, सवित्री, अंजलि, प्रमिला, कुंभीबाला भट्ट, लक्ष्मी बहुगुणा, आदि उपस्थित थे।

### आतंकी हमले पर जताया रोष

नई टिहरी। चंबा-नई टिहरी टैक्सी वेयलफेयर एसोसियेशन ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में हुए आतंकी हमले पर रोष जाहिर की। एसोसियेशन से जुड़े लोगों ने चंबा में उत्तराखंड गढ़वाल के बलिदान हुए पांचों सैनिकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सिंह तड़ियाल, बलबीर पुंडीर, बलवंत चंद रमोला, आशाराम डबराल, काशी राम जुयाल, अजय नेगी, गुरु प्रसाद भट्ट, सुल्तान सिंह, सुनील पुंडीर सहित अन्य मौजूद रहे।

### सुंदर सिंह बने संघ के अध्यक्ष

नई टिहरी। विश्व प्रवासी सामाजिक और सांस्कृतिक संघ की ओर से पर्यावरण मित्र और समाजसेवी सुंदर सिंह सजवाण को उत्तराखण्ड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संघ का लक्ष्य भारत की महान संस्कृति को विश्व के 95 देशों तक पहुंचाना है। बीते पिछले 31 वर्षों से प्रवासी भारतीयो के माध्यम से संघ विश्व शांति और मानव सेवा से जुड़े कार्य कर रहा है। संघ सचिव डॉ. माला तिवारी द्वारा सुंदर सिंह सजवाण को अध्यक्ष मनोनीत करने का पत्र जारी किया गया। टिहरी जिले की क्विली पालकोट के किराड़ गांव निवासी सुंदर सिंह सजवाण अनेक पर्यावरण व सामाजिक आंदोलनों से जुड़े रहे हैं।

### भारी बारिश से कुमारखेड़ा बस्ती के मकानों में पड़ी दरारें

नई टिहरी। नरेंद्रनगर के वार्ड नंबर 1 किनवाणी कुमारखेड़ा बस्ती में भारी बारिश होने से कई मकानों में दरार पड़ गई है। इससे ग्रामीणों में दहशत का है। बुधवार को सूचना पर मौके पर पहुंची राजस्व प्रशासन की टीम ने स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों प्रेषित किए जाने की बात कही।

### राड्स संस्था ने दिव्यांग बच्चों को बांटे उपकरण

नई टिहरी। टिहरी जिले के कीर्तिनगर ब्लॉक सभागार में ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति-राड्स रानीचौरी की पहल पर बुधवार को दिव्यांगों की मदद के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 दिव्यागजनों को व्हील चेयर, बैशाखी, कान की मशीन, वॉकर, छड़ी, चश्मे आदि सहायक उपकरण वितरित किए गए। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सुमनलता ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को अपनी योग्यता का मूल्यांकन अपनी शिक्षा के बल पर करना चाहिए। पीड़ित मानव की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उनमें भी दिव्यांगों की सेवा करना ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है। सहायक खंड विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह गुसाईं ने दिव्यांगों की मदद के लिए राड्स संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा की ओर से जिलेभर में लगाए जा रहे शिविरों की सराहना की। संस्था की सचिव कुंभीबाला भट्ट ने यूडीआईडी कार्ड बनाने की जानकारी दी। बताया डीडीआसी नई टिहरी में दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस मौके पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी धमेंद्र नेगी, डीडीआरसी के जिला कॉडिनेटर जगदीश बडोनी, लक्ष्मी बहुगणा, रंजीता थपलियाल, रविश चमोली आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ी के आरोप में युवक गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली श्रीनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुनील रावत ने बताया कि महिला ने मंगलवार देर सांय कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज की है। बताया कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक के खिलाफ धारा 75(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 7/8 पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसकी जांच महिला उपनिरीक्षक प्रेमा कण्डवाल को दी गई।

# खुद को पीड़ित दिखाकर सहानुभूति बटोर रही कांग्रेस : मनवीर चौहान

- भाजपा लिब्बरहेड़ी मामले मे जांच की पक्षधर
- कांग्रेसियों ने रचा मतदान प्रभावित करने का षडयंत्र

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 11 जुलाई , भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि मंगलौर के लिब्बरहेड़ी प्रकरण मे कांग्रेस ने सहानुभूति हासिल करने और मतदान को प्रभावित करने के लिए मारपीट का जो कुचक्र रचा वह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस राज्य मे चल रहे उप चुनाव की दोंनों ही सीटों पर असहज स्थिति मे है और शुरू से ही आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है। इसके लिए वह प्रत्याशियों को लेकर तमाम भ्रामक प्रचार करती रही और मशीनरी के दुरूपयोग सहित तमाम आरोप लगाकर खुद को पीड़ित करती रही।

उन्होंने कहा कि यही कांग्रेसियों ने लिब्बरहेड़ी मे कुचक्र रचा और आपसी मारपीट को भाजपा की ओर मोड़ने का असफल प्रयास किया। जीत के लिए तरस रही कांग्रेस हर तरह के हथकंडे अपना रही है।

चौहान ने कहा कि लिब्बरहेड़ी मे गोली चलने की खबर पर हरिद्वार जिला प्रशासन ने खारिज किया है। कांग्रेस के अलावा यह किसी को गोली चलने की आवाज क्यों नही सुनायी दी यह भी सवाल है। हालांकि अगर, वहां पर गोली चलने की घटना हुई तो इसकी जांच होनी चाहिए। क्योंकि कांग्रेस लगातार मिल रही असफलताओं से खीज कर चुनाव जीतने के लिए कोई भी हथकंडा अपना सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अफवाह आदर्श आचार सहिंता का उल्लंघन है। पार्टी ने निर्वाचन आयोग मे भी शिकायत दर्ज की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास न नेता और न ही कार्यकर्ता बचे हैं, इसलिए वह बाहरी क्षेत्रों से असमाजिक तत्वों को इकट्ठा कर मारपीट और माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस चाहे कितने ही अफवाह और षडयंत्र क्यों न रचे, जल्दी ही उसकी गलतफहमी दूर होने वाली है। विकास के लिए मत देने को उत्सुक जनता फिर कांग्रेस को सबक सिखाने जा रही है।

# शहीद वीर जवानों की शहादत को नमन : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

■ परमार्थ गंगा आरती पांचों शहीद जवानों को समर्पित
■ शहीदों की याद में होगा परमार्थ शहीद वाटिका का निर्माण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ऋषिकेश, 11 जुलाई , परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कठुआ, जम्मू कश्मीर में हुये आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुये कहा कि यह एक कायराना हरकत हैं जिसमें हमारे राज्य उत्तराखंड के पांच जवान शहीद हो गये। पांचों जवानों की शहादत को नमन! भावभीनी श्रद्धाजंलि! अहिंसा विश्व भारती और विश्व शान्ति केन्द्र के संस्थापक डॉ आचार्य लोकेश मुनि जी एवं प्रसिद्ध उद्योगपति एवं अमेरिका में प्रभावी व्यक्तित्व श्री अजय जैन भूतोरिया जी परमार्थ निकेतन आये। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी के पावन सान्निध्य में विश्व विख्यात गंगा जी की आरती, यज्ञ में सहभाग किया। सभी ने मौन रखकर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

प्रभु इन पांचों वीर शहिदों की आत्मा को शान्ति प्रदान करे एवं शोक संतप्त परिवारों को यह दुःख सहने की शक्ति व धैर्य प्रदान करे। उन पांचों वीर शहिदों के परिवार वालों के साथ पूरा देश खड़ा हैं। यह समय उत्तराखंड वासियों के लिये अत्यंत वेदना का है और गर्व का भी है।

शहीद जवान सूबेदार आनंद सिंह जी, हवलदार कमल सिंह जी, राइफलमैन अनुज नेगी जी, राइफलमैन आदर्श नेगी जी, नायक विनोद सिंह जी और नायब सूबेदार आनंद सिंह जी को परमार्थ निकेतन माँ गंगा के पावन तट से भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये कहा कि हमारे वीरों ने भारत माता की रक्षा के लिये अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। धन्य हैं ये भारत के लाल जो अपनी जान की परवाह न करते हुये अपने वतन के लिये मर मिटते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि सैनिक है तो देश सुरक्षित है, हम सभी सुरक्षित है और हमारी संस्कृति सुरक्षित है। हमारी सीमाओं पर सैनिक हैं तो हमारी सीमायें सुरक्षित है; सैनिक है तो हम हैं, हमारा अस्तित्व है। हमारे सैनिक सियाचिन ग्लेशियर जैसे स्थानों पर रहकर अपने राष्ट्र को सुरक्षित रखते हैं। देश की सीमाओं पर अद्म्य साहस और बहादुरी के साथ वतन की रक्षा के लिये हमेशा तैनात रहते है और दुश्मनों का सामना करते हैं। इन जाबाज़ जवानों की वजह से हमारा तिरंगा लहरा रहा है और लहराते रहेगा। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि बार-बार होने वाली ऐसी कायराना हरकतों से पूरे देश में दुःख, घृणा व क्रोध की भावनाओं का ज्वार उमड़ने लगता है। भारत, शान्ति की भाषा बोलने वाला देश हैं परन्तु ऐसी कायराना हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा क्योंकि ऐसी घटनायें हमारी संप्रभुता और अखंडता का उल्लंघन करती हैं।

भारत, आतंकवाद के आघात को झेलता आ रहा है। हमला व आतंक सब विवेकहीन और हिंसक घटनायें हैं, जिससे ने केवल प्राण, जान-माल की गंभीर हानि होती है बल्कि पूरे देश में दहशत का माहौल बन जाता है इसलिये अब हमें आतंकवाद को लेकर एक बेहद गंभीर चिंतन करने की जरूरत है। गश्त लगाते वाहनों पर हमला करना निंदा का विषय है। अब समय आ गया कि हम सभी मतभेदों से ऊपर उठकर मिलकर इन चुनौतियों को परास्त करें।स्वामी जी ने कहा कि इन पांचों शहीदों की याद में इस मानसून में पीपल, नीम, वट व रूद्राक्ष के पौधों का रोपण कर परमार्थ शहीद वाटिका का निर्माण किया जायेगा।

## संपादकीय

# दोस्ती जिंदाबाद

यह 'परम दोस्ती' प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ही नहीं है। यह दोस्ती गंगा और वोल्गा नदियों की दो संस्कृतियों के बीच है। यह दोस्ती भारत और रूस के जन-जन की है। यह दोस्ती उन रूसी युवतियों में भी निहित है, जो कत्थक, ओडिशी, भरत नाट्यम सरीखे भारतीय शास्त्रीय नृत्य सीख रही हैं और नृत्य से पहले घुंघरुओं को आंख और मस्तक से छुआती हैं। नमन और सम्मान की अभिव्यक्ति करती हैं। यह दोस्ती की मिसाल ही है कि 1951 की फिल्म 'श्री 420' का गीत '...सर पे लाल टोपी रूसी...' आज की रूसी पीढ़ी भी गुनगुनाती है। फिल्मों ने भारत-रूस की संस्कृति का मिलन कराया है और उन्हें विस्तार दिया है। इससे गहरी दोस्ती और क्या होगी कि रूसी भाषा का जुड़ाव और कुछ उद्गम संस्कृत भाषा से है। आज भी संस्कृत मूल के ढेरों शब्द रूस में इस्तेमाल किए जाते हैं। दरअसल भारत और रूस की दोस्ती वक्त और विश्वास की कसौटी पर जांची-परखी है। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि जब भी 'रूस' शब्द सामने आता है, तो उसके मायने होते हैं-सुख-दुख का साथी। रूस ने युद्ध काल में भी इस दोस्ती को साबित किया है। भारत की सामरिक शक्ति के अस्त्रों-शस्त्रों, मिसाइल, एयर डिफेंस, यानी हथियारों की 60-70 फीसदी ताकत 'रूसी' ही है और वह सौ फीसदी भरोसेमंद साबित हुई है। भारत की परमाणु ऊर्जा का आधार ही रूसी रिएक्टर हैं। रूस ऐसे 6000 मेगावाट के रिएक्टर भारत में स्थापित करेगा। अब दोस्ती यहां तक परवान चढ़ चुकी है कि दोनों देशों के रक्षा वैज्ञानिक साझा शोध करें और आधे-आधे उपक्रम दोनों देशों में स्थापित किए जाएं। रूस ने भारत को आश्वस्त किया है कि जो प्रौद्योगिकी उसे दी जाएगी, वह अन्य किसी देश के साथ साझा नहीं की जाएगी। भारत की सुरक्षा और दोस्ती जिंदाबाद... ! अब प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन मॉस्को में 17वीं बार मिले हैं। प्रधानमंत्री 10 साल के कार्यकाल में 6 बार रूस गए हैं और पुतिन 4 बार भारत आए हैं। वैसे यह मुलाकात भारत-रूस के 22वें सालाना शिखर सम्मेलन का हिस्सा थी। यह दोस्ती की वजह से ही संभव हो सका कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'परम मित्र' पुतिन के सामने बैठकर यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जब मासूम बच्चों को मरते हुए देखते हैं, तो दिल छलनी हो उठता है और वह दर्द बड़ा भयानक होता है। प्रधानमंत्री ने 'दोस्त पुतिन' को एक बार फिर सलाह दी कि युद्ध से कोई समाधान नहीं निकला करता। बातचीत से ही शांति, स्थिरता के रास्ते खुलते हैं। इस दोस्ताना सलाह के मायने स्पष्ट थे और राष्ट्रपति पुतिन ने इस नेक सलाह और कोशिश के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उन भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश भेजने का आश्वासन भी राष्ट्रपति पुतिन से ले लिया, जिन्हें बरगला कर रूसी सेना में शामिल करा दिया गया था और वे यूक्रेन के मोर्चे पर जंग का हिस्सा रहे हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## गंगा घाटों पर की सफाई

हरिद्वार। हरे कृष्णा केयर्स फाउंडेशन की ओर से बुधवार को हरिद्वार के गंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाया गया। संस्था के निदेशक वरुण कुमार ने बताया कि साप्ताहिक अंत में अत्यधिक लोगों के आगमन के कारण घाटों पर पुराने कपड़े, प्लास्टिक आदि का बहुत कूड़ा एकत्रित हो गया था। इससे काफी गन्दगी हो रही थी तथा मां गंगा तथा घाटों की स्वछता के लिए सफाई की आवश्यकता थी। इसका प्रयास संस्था ने किया। ऊपरी इलाकों पर भारी वर्षा से गंगा में सिल्ट आने के कारण वर्तमान में गंगा का जल बंद किया गया है। इस कारण अंदर पड़े कूड़े की सफाई भी संभव हो पायी है। इस मौके पर शुभम सैनी, हरीश, नितिन सिंह आदि मौजूद रहे।

## पेड़ में लगी आग, दो युवक घायल

हरिद्वार। वीआईपी घाट के पास हाईवे पर बुधवार को पेड़ पर आग लगने से वह नीचे गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से बाइक पर जा रहे दो युवक घायल हो गए। घायलों को भूमानंद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक वीआईपी घाट के निकट पेड़ में आग लग गई। इसके कारण पेड़ नीचे गिर गया और बाइक पर जा रहे मोना पुत्र मकसूद ग्राम रहमतपुर कलियर के सिर पर चोट लग गई जबकि उसके साथी इखलाक पुत्र अख्तर ग्राम रहमतपुर भी घायल हो गए। मोना के अधिक चोट लगने के कारण हायर सेंटर रेफर किया गया है। इधर सूचना मिलते ही फायर स्टेशन मायापुर से एक फायर यूनिट और एक रेस्क्यू यूनिट मौके पर पहुंची। टीम ने पेड़ गिरने से बंद यातायात को सुचारू कराया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि घायलों को अस्पताल भिजवा दिया गया है।

## राज्य के 405 परीक्षा केंद्रों पर पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा 14 जुलाई को

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की उत्तराखंड सम्मिलित राज्य (सिविल) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा के लिए राज्य में 405 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखंड सम्मिलित राज्य (सिविल) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा 14 जुलाई रविवार को कराई जाएगी। इस परीक्षा में करीब परीक्षा में 1,49,500 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. पंड्या ने जापान में सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया

हरिद्वार। देव संस्कृति विश्वविद्यालय प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने हिरोशिमा शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एआई एथिक्स फॉर पीसः वर्ल्ड रिलीजियस कमिट टू द रोम कॉ में सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया। साथ ही भारत के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में हिरोशिमा अपील पर हस्ताक्षर किए। यह अपील भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को मानवता के खिलाफ कार्य करने से रोकने का काम करेगी। इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसिडेंट ब्रैडफोर्ड एल स्मिथ, आईबीएम, सिस्को सहित विश्वभर से विभिन्न वैश्विक संस्थानों के लीडर और कई धर्मों के गुरुओं ने प्रतिभाग किया।

### समीक्षा अधिकारी का एक पद कम किया

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 के तहत समीक्षा अधिकारी का एक पद कम कर दिया गया है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 के लिए सितंबर 2023 को विज्ञापन जारी किया था। इसमें आयोग के लिए समीक्षा अधिकारी के आठ पद विज्ञापित किए गए थे। इसे संशोधित कर सात पद कर दिए गए हैं। संशोधित रिक्तियों का विवरण आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने इसकी पुष्टि की है।

### पौधारोपण यात्रा निकालकर लोगों को किया जागरूक

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आह्वान पर एक पेड़ धरती माता के नाम का शुभारंभ पूर्व महापौर मनोज गर्ग ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी पार्क परिसर में फलदार पौधा लगाकर की। इससे पहले बिरला चौक से स्वतंत्रता सेनानी पार्क तक पौधरोपण यात्रा निकाली गयी। यात्रा के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया। कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मनोज गर्ग ने एक पेड़ धरती माता के नाम लगाए जाने के संकल्प को दोहराया।

### उत्तरी हरिद्वार में 12 घंटे बिजली कटौती से 25 हजार की आबादी हुई परेशान

हरिद्वार। ऊर्जा निगम ने उत्तरी हरिद्वार क्षेत्र में बुधवार को 12 घंटे की बिजली कटौती की। इस दौरान करीब 25 हजार की आबादी को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। कटौती के दौरान लोगों के जरूरी कार्य प्रभावित रहे। मरम्मत काम के लिए क्षेत्र में बिजली की कटौती की गई। कटौती के दौरान लोग गर्मी से बेहाल रहे। ऊर्जा निगम में 33 केवी हरिपुर कलां फीडर को मरम्मत काम के लिए 12 घंटे तक बंद कर दिया। इस दौरान फीडर पर पांच एमवीए से 12.5 एमवीए परिवर्तक की क्षमता बढ़ाने का काम किया। मरम्मत काम के लिए सुबह सात बजे क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद की गई। इस दौरान क्षेत्र के देव संस्कृत विश्वविद्यालय, सप्तऋषि आश्रम, शांति मार्ग, बिरला फार्म, मान कॉलोनी, रेलवे लाइन पार, गंगा सूरजपुर कॉलोनी, हिमालयन कॉलोनी, सुधाबेला पुरम, प्रेम विहार चौक, आनंद उत्सव मार्ग, गोल कोठी, हरिपुर कलां गांव, वीआईपी कॉलोनी, इंटर कॉलेज रोड आदि क्षेत्र में बड़ी आबादी को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

हरिद्वार। भूपतवाला निवासी 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने बुधवार को गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। भूपतवाला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया कि मंगलवार को उसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। देर रात तक घर न लौटने पर रिश्तेदारों के साथ ही सभी जगहों पर तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### फेंसिंग क्षतिग्रस्त, दहशत में ग्रामीण

हरिद्वार। चमरिया, लालढांग, श्यामपुर, रसियाबड़ , चिड़ियापुर आदि रेंजों में 30 किमी से भी अधिक सोलर फेंसिंग क्षतिग्रस्त होने से जंगली जानवरों की गांवों की ओर आवाजाही फिर बढ़ने लगी है। इस कारण ग्रामीण एक बार फिर दहशत में हैं। क्षेत्र के समाज सेवी नागेंद्र राणा, सर्वजीत सिंह, संदीप सिंह, रघुवीर सिंह, अबल सिंह आदि का कहना कि सरकार के पास सोलर फेंसिंग तारबाड़ की मरम्मत का बजट प्रावधान नहीं है तो नई सोलर फेंसिंग लगाकर पैसा क्यों बर्बाद किया जा रहा है।

# केंद्र से से कैलाश पर्वत के दर्शन प्वाइंट तक रैम्प बनाने की मांग : सतपाल महाराज





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून/नई दिल्ली , 11 जुलाई , प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन,मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी से उनके मोतीलाल नेहरू रोड, नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात कर उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि ओल्ड लिपुलेख दर्रा पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केन्द्र है। यहाँ से पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन अद्वितीय हैं और यह धार्मिक तथा पर्यटन दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि लिपुलेख दर्रे तक जाने वाले मोटर मार्ग के जिस प्वाइंट से कैलाश पर्वत के दर्शन होते हैं, उसके लगभग 200 मीटर पहले का रास्ता ऊबड़-खाबड़ और कठिन है, जिस कारण लोगों को यहाँ तक पहुँचने में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए ओल्ड लिपुलेख दर्रे उस प्वाइंट तक जाने के लिए जहां से कैलाश पर्वत के दर्शन होते हैं वहां तक रैम्प बनाया जाये।

### ■ शौचालयों की कमी से भी केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया

महाराज ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान उन्हें सौंपे पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित गुंजी से ओम पर्वत तथा गुंजी से आदि कैलाश के मार्ग धार्मिक और साहसिक यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए अति महत्वपूर्ण है। लेकिन वर्तमान में इन मार्गों पर शौचालयों की कमी होने के साथ साथ माइलस्टोन भी नहीं हैं, जिस कारण पर्यटकों को स्वच्छता व दिशा निर्देशन में कई प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि शौचालयों की अनुपलब्धता से कई प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्यायें उत्पन्न हो जाती हैं तथा माइलस्टोन न होने की वजह से लोग रास्ते से भ्रमित हो जाते हैं और यह पता नहीं चल पाता कि उन्होंने कितना मार्ग तय कर लिया है। इसलिए कैलाश आवागमन के मार्गों पर सार्वजनिक शौचालयों तथा माइलस्टोन के निर्माण के साथ ही ओल्ड लिपुलेख दर्रे के समीप रैम्प बनाये जाने को अधिकारियों को निर्देशित करें ताकि तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# उत्तराखंड के जवानों की शहादत से लोगों में गम और गुस्सा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। बुधवार सुबह पांच बजे पलटन बाजार सेंटर पर दून न्यूज़ पेपर एजेंट एसोसिएशन की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। समाचार पत्र विक्रताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान समाचार पत्र विक्रेताओं की आंखें नम थीं। एसोसिएशन के पदाधिकारी हरप्रीत सिंह ने कहा की शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हम सभी शहीदों के परिवार के साथ खड़े हैं। राकेश कुमार भट्ट ने कहा कि आखिर कब तक हमारे जवान शहीद होते रहेंगे। इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब देना होगा। श्रद्धांजलि देने वालों में हरप्रीत सिंह, ललित जोशी, राकेश कुमार भट्ट, कैलाश सेमवाल, बिजेंद्र सेमवाल, अनिल सोनी, मनीष अरोड़ा, अनिल भट्ट, नरेंद्र, राकेश शर्मा, गुमान सिंह, जसवंत, अतुल, ठाकुर, राजेंद्र भट्ट, राजेश रावत, मुकेश मित्तल, कुलदीप सिंह, मनोज तिवारी अन्य मौजूद रहे।

आंदोलनकारियों ने भी शोक जताया: उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने भी जवानों की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। परिषद के प्रवक्ता चिंतन सकलानी ने कहा कि परिषद शहीद परिवारों के साथ है और शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा।

जवानों के बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा: चुक्खूवाला स्थित कार्यालय में राष्ट्रवादी आरटीआई एक्टिविस्ट एंड ह्यूमन राइट्स फेडरेशन ने भी बैठक कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष कुलदीप सिंह ललकार ने कहा कि शहीद जवान देश के नायक है और यह देश हमेशा उन्हें याद रखेगा। इस मौके पर महामंत्री वेद गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष राकेश भट्ट, अरविन्द मल्होत्रा, मनीष, अमित, कृष्णा गोपाल रुहेला, कैलाश सेमवाल, दीपक गुसाईं, हेमंत शर्मा, राजकुमार, दारा सिंह, शिवम् भट्ट, राजेश नाथ, वैभव पंत, गौरव नौटियाल, अभिषेक राघव, गोपाल रुहेला अन्य मौजूद रहे।

# राज्य कर विभाग में कर्मचारियों की बहाली न होने पर कर्मचारी नाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्य कर विभाग में 113 कर्मचारियों की बहाली को लेकर उपनल संविदा कर्मचारी संघ ने दबाव तेज कर दिया है। संघ की ऑनलाइन बैठक में कर्मचारियों की बहाली न होने पर नाराजगी जताई गई। शासन में बैठे अफसरों पर कर्मचारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया गया। महामंत्री प्रमोद गुसाईं ने कहा कि शासन के अड़ियल रवैये के कारण 15 साल से काम कर रहे 113 कर्मचारी सेवा से बाहर हैं। एक मार्च 2024 को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई। मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद शासन में बैठे अफसरों ने कर्मचारियों की सेवाएं बहाल नहीं की। सिर्फ शासन में फाइल इधर से उधर घुमाई जा रही है। ये स्थिति तब है, जब विभाग खुद कह रहा है कि विभाग में सैकड़ों पद खाली हैं। शासन में बैठे अफसर लगातार गुमराह कर रहे हैं। कभी आचार संहिता, तो कभी कोई और बहाना बना कर कर्मचारियों की बहाली को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है।

उपाध्यक्ष पूरण भट्ट ने कहा कि हाईकोर्ट की ओर से कर्मचारियों को राहत देते हुए सेवा बर्खास्तगी के आदेश को स्टे करते हुए दोबारा बहाली के निर्देश दिए थे। स्टे आदेश को आए हुए भी तीन महीने गुजर चुके हैं। इसके बाद भी कर्मचारियों की सेवाएं बहाल नहीं की जा रही है। कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। नौकरशाही पूरी तरह सरकार पर हावी है। इसके कारण कोर्ट और सरकार के आदेशों को भी अफसर मानने को तैयार नहीं हैं।

उल्टा अफसर जनता के पैसे को कोर्ट में बड़े बड़े वकीलों पर खर्च कर रहे हैं। कहा कि उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण का मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में 15 साल से काम कर रहे कर्मचारियों को सेवा से नहीं हटाया जा सकता है। सेवाएं समाप्त होने के बाद से इन कर्मचारियों के परिवारों पर मुसीबतों का पहाड़ टूटा हुआ है। सभी परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

ऐसे में यदि जल्द से जल्द कर्मचारियों की बहाली नहीं होती, तो कर्मचारी आंदोलन को मजबूर होंगे। ऑनलाइन बैठक में प्रदेश महामंत्री प्रमोद गुसाईं, उपाध्यक्ष पुरन भट्ट, कोषाध्यक्ष तेजा सिंह बिष्ट, गणेश गोस्वामी, विनोद बिष्ट, मनोज कुमार, श्याम मेवाड़ी, नवीन कापड़ी, मनोज जोशी, मनोज गड़कोटी, संदीप कुमार, अनिल कोटियाल, योगेश भाटिया, नीतिन मौजूद रहे।

# निगम कर्मचारी महासंघ का शासन पर भेदभाव का आरोप

देहरादून। राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने शासन पर निगम कर्मचारियों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया। निगम कर्मचारियों की मांगों को लटकाने पर सख्त नाराजगी जताई। लंबित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ आंदोलन का ऐलान होगा। इसकी घोषणा गुरुवार को होने वाली महासंघ की बैठक में की जाएगी। प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक की जानकारी देते हुए अध्यक्ष दिनेश गोसाईं ने कहा कि अब निगम कर्मचारी अधिक इंतजार नहीं करेंगे। यदि जनवरी 2024 से चार प्रतिशत बढ़े हुए महंगाई भत्ते का जल्द ऐलान न किया गया, तो आंदोलन तय है। उन्होंने महंगाई भत्ते की किश्त का जल्द आदेश किए जाने पर जोर दिया। कहा कि निगम कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुरूप मकान किराया भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है। लम्बे समय से दैनिक, विशेष श्रेणी, संविदा पर 10 साल से भी अधिक समय से सेवारत कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा रहा है। आउटसोर्स पर काम करने वाले युवाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति नहीं बनाई जा रही है। पेयजल एजेंसियों के एकीकरण और ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान की मांग भी लटकाई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद समरसता मिशन के संस्थापक मोहन नारायण ने की राज्यपाल से भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में शहीद समरसता मिशन के संस्थापक मोहन नारायण ने भेंट की। इस मुलाकात के दौरान निदेशक सैनिक कल्याण ब्रिगेडियर अमृत लाल(रि.) और कर्नल सुमित सूद भी मौजूद रहे। शहीद समरसता मिशन वर्ष 2007 से शहीदों के आश्रितों के उत्थान और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य कर रही है। इसके अलावा संस्था का कार्य जरूरतमंद शहीद परिवारों को आवास बनाने में मदद, वीर नारियों को राजकीय सहायता दिलाने तथा उनकी शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों में सहायता करना है। इसके साथ-साथ संस्था द्वारा राष्ट्र शक्ति स्थल बनाया जाता है जिसमें शहीद के नाम का द्वार और प्रतिमा स्थापित की जाती है। संस्था 10 राज्यों में कार्यरत है, संस्थापक मोहन नारायण ने बताया कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है और यहां के जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देश सेवा में दिया है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों की हर संभव सहायता करने के लिए शहीद समरसता मिशन उत्तराखंड में भी कार्य करने जा रही है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वे स्वयं शहीद समरसता मिशन के संरक्षक हैं, उन्होंने संस्था के कार्यों को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि सैन्य भूमि उत्तराखंड में लगभग प्रत्येक परिवार देश की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सैन्य बाहुल्य प्रदेश है और यहां 16 सौ से अधिक जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देश के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा उत्तराखंड में कार्य किया जाना सराहनीय सोच है। उन्होंने कहा देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के परिवारों की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। राजकीय सहायता के अलावा सामाजिक आंदोलन और इस प्रकार की संस्थाओं का आगे आना जरूरी है।

### खाटूश्याम गए परिवार के बंद घर में चोरी

देहरादून। घाटू श्याम दर्शन को गए व्यक्ति के बंद घर में चोरी हो गई। उनकी तहरीर पर पटेलनगर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि अशोक कुमार शर्मा विजिलेंस ऑफिस के पास शांति विहार में रहते हैं। वह बीते पांच जुलाई को घर का ताला लगाकर परिवार समेत दर्शन के लिए राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर गए। पांच जुलाई की रात करीब एक बजे वापस लौटे। इस दौरान देखा तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा मिला। अंदर प्रवेश किया तो अलमारी का लॉकर भी टूटा था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी से हजारों रुपये नगदी और कीमती गहने चुराकर ले गए। इंस्पेक्टर केके लुंठी ने बताया कि अशोक कुमार की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस चोरी की पहचान के लिए प्रयास कर रही है।

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विधायक के आवास पर दी श्रृद्धांजलि

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने केदारनाथ विधानसभा से विधायक शैलारानी रावत के आकस्मिक निधन पर उनके राजपुर रोड स्थित आवास में पहुंचकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बाबा केदार से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को यह अत्यंत दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मंत्री जोशी ने कहा कि शैलारानी रावत का निधन पार्टी, राजनीति और क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात कर उनको ढांढस बंधाया।

### मजदूरों के हकों के लिए कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

देहरादून। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने रिस्पना नदी तट पर जिन मजदूरों के घर ध्वस्त किए गए उनके पुनर्वास करने या उचित मुआवजा देने की मांग की है।